पत्रांकः–07 / नि0बि0–22–01 / 2026......710......

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

विक्रम विरकर, भा0प्र0से0
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

सेवा में,

राज्य परियोजना निदेशक,
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, सैदपुर, पटना।
संयुक्त निदेशक प्रशासन,
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।

पटना, दिनांक :–......12/02/26......

विषय :– **'निपुण संवाद' पत्रिका को शिक्षा विभाग एवं संबद्ध शैक्षणिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि बिहार सरकार के निपुण बिहार मिशन के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (FLN) को सुदृढ़ करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा मई 2023 से **'निपुण संवाद'** नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह पत्रिका प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए पठन–पाठन सामग्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह विद्यालय स्तर पर हो रहे शैक्षणिक नवाचारपूर्ण गतिविधियों, उत्तम शैक्षणिक प्रथाओं, शिक्षकों के अनुभवों तथा विभागीय दिशा–निर्देशों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

उक्त पत्रिका की व्यापक पहुँच सुनिश्चित करने तथा राज्य के अधिकतम शिक्षकों, शैक्षणिक पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों तक इसे सुलभ कराने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि **'निपुण संवाद'** के प्रकाशित सभी अंकों (पी.डी.एफ. कॉपी) को निम्नलिखित डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किया जाए :–

1. आधिकारिक वेबसाइट, शिक्षा विभाग, बिहार।
2. आधिकारिक वेबसाइट, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना।
3. आधिकारिक वेबसाइट, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, सैदपुर, पटना।
4. DIKSHA Application, Bihar
5. E-LOTS (e-Library of Teachers & Students) Applications, Bihar

अतः अनुरोध है कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए **'निपुण संवाद'** पत्रिका के वर्तमान एवं आगामी सभी अंकों को उपर्युक्त प्लेटफॉर्म्स पर शीघ्र अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि यह सामग्री राज्य के समस्त प्राथमिक शिक्षकों एवं संबंधित शैक्षणिक कर्मियों तक सरलता से पहुँच सके, इस हेतु ड्राइव लिंक के माध्यम से पत्रिका के सभी अंको को उपलब्ध कराया जा रहा है।

अनुलग्नक— https://drive.google.com/drive/folders/1D4BpTIKfpIUPx2_Mbjyiy9LxfrlfBKNS

विश्वासभाजन

(विक्रम विरकर)
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

पत्रांक :— 07/नि0बि0—22—01/2026...710 पटना, दिनांक—...12/02/26...

प्रतिलिपिः— आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।